मंगलवार 15 अगस्त, 2023 डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स



तोहफा... मात्र 20 मिनट में तय होगी दीघा से गायघाट की दूरी 2



## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नाम दिया संबोधन, बोलीं...

# मूल-कर्तव्यों को निभाने का लें संकल्प

**एजेंसी/नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के नाम संबोधन दिया. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियो, देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आप सभी को मेरी हार्दिक बधाई! यह दिन हम सब के लिए गौरवपूर्ण और पावन है। चारों ओर उत्सव का वातावरण देखकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। राष्ट्रपति ने कहा, जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है, लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है, जो इन सबसे ऊपर है और हमारी वह पहचान है भारत का नागरिक होना। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन-समुदाय का हिस्सा हैं, जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है. यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है।

राष्ट्रपति ने कहा, "हम सभी, समान रूप से, इस महान देश के नागरिक हैं। हम सब को समान अवसर और अधिकार उपलब्ध हैं और हमारे कर्तव्य भी समान हैं। राष्ट्रपति ने कहा, गांधीजी और अन्य महानायकों ने भारत की आत्मा को फिर से जगाया और हमारी महान सभ्यता के मूल्यों का जन-जन में संचार किया।

### महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देने के लिए राष्ट्रपति ने देशवासियों से की अपील



राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं और राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। आज हमारी महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है, जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करती हूं कि वे महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दें। मैं चाहूंगी कि हमारी बहनें और बेटियां साहस के साथ, हर तरह की चुनौतियों का सामना करें और जीवन में आगे बढ़ें।

राष्ट्रपति ने कहा, देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है और प्रभावशाली जीडीपी ग्रोथ भी दर्ज की है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है, बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। वंचितों को वरीयता प्रदान करना हमारी नीतियों और कार्यों के केंद्र में रहता है। परिणामस्वरूप पिछले दशक में बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकालना संभव हो पाया है।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने जी-20 का किया जिक्र:** उन्होंने कहा, "भारत पूरी दुनिया में विकास के लक्ष्यों और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चूंकि जी-20 समूह दुनिया की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए यह हमारे लिए वैश्विक प्राथमिकताओं को सही दिशा में ले जाने का एक अद्वितीय अवसर है।

उन्होंने कहा, मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों से अपील करती हूं कि आप सब अपनी परंपराओं को समृद्ध करते हुए आधुनिकता को अपनाएं। उन्होंने कहा, जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पहल की गई है और व्यापक स्तर पर कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मैं एक शिक्षक रही हूं, इस नाते भी मैंने यह समझा है कि शिक्षा, सामाजिक सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है।

**हमें बहुत आगे जाना है:** उन्होंने कहा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए, अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ सरकार द्वारा अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन स्थापित किया जा रहा है। यह फाउंडेशन हमारे कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केन्द्रों में रिसर्च और डेवलपमेंट को आधार प्रदान करेगा, उन्हें विकसित करेगा और आगे ले जाएगा।

सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश और समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं।

उन्होंने कहा, हम सभी अपने संवैधानिक मूल-कर्तव्य को निभाने का संकल्प लें और व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर आगे बढ़ने का सतत प्रयास करें ताकि हमारा देश निरंतर उन्नति करते हुए कर्मठता और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयां हासिल करे। आइए, हम अपने राष्ट्र निमार्ताओं के सपनों को साकार करने के लिए सद्भाव और भाई-चारे की भावना के साथ आगे बढ़ें।

## प्रधानमंत्री मोदी 10वीं बार लाल किले पर करेंगे ध्वजारोहण

**नई दिल्ली।** स्वतंतत्रता दिवस के अवसर पर पीएम मोदी 10वीं बार लाल किले पर ध्वजारोहण करेंगे। ऐसा करने वाले वो लाल किले से सबसे ज्यादा बार झंडा फहराने वाले गैर-कांग्रेसी पीएम बन जाएंगे। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो कि एक गैर-कांग्रेसी पीएम थे, उन्होंने ही लाल किले से 6 बार झंडा फहराया था। लालकिले से सबसे ज्यादा 17 बार झंडा फहराने का गौरव देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को हासिल हुआ था और इसके बाद 16 बार लालकिले से ध्वजारोहण करने का सौभाग्य पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मिला था। इसके बाद लगातार 10 बार लालकिले के प्राचीर से ध्वजारोहण पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने किया था। मंगलवार को पीएम मोदी के तिरंगा फहराते ही उनका और मनमोहन सिंह का रिकॉर्ड बराबर हो जाएगा। जबकि 6 बार पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी, 5 बार पूर्व पीएम राजीव गांधी , 5 बार ही पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव को लालकिले से ध्वजारोहण करने का मौका मिला था।

## बिहार के दो पुलिस अधिकारियों को गैलेंट्री अवार्ड और दो को प्रेसिडेंट पुलिस मेडल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के दो पुलिस पदाधिकारियों को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। वहीं, दो पुलिस पदाधिकारियों को प्रेसिडेंट पुलिस मेडल और 17 अन्य को पुलिस मेडल से सम्मानित किया जायेगा। बिहार के जिन दो पुलिस पदाधिकारियों को गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा उनमें पुलिस अधीक्षक आईपीएस सुशील कुमार और सब इस्पेक्टर अनिरूध कुमार शामिल हैं। सुशील कुमार फिलहाल में मधुबनी में तैनात हैं, वहीं, अनिरुध कुमार लखीसराय में पोस्टेड हैं। केंद्र सरकार ने बिहार के दो पदाधिकारियों को प्रेसिडेंट पुलिस मेडल से सम्मानित करने का एलान किया है। विशिष्ट सेवा के लिए प्रेसिडेंट पुलिस मेडल पाने वालों में डीजी (ट्रेनिंग) प्रीता वर्मा और डीजी (बीएसएपी) अमरेंद्र कुमार अम्बेडकर का नाम शामिल हैं।

वहीं, केंद्र सरकार ने बिहार के 17 पुलिसकर्मियों को पुलिस मेडल देने का भी एलान किया है। इसमें मधेपुरा के एसपी राजेश कुमार, कटिहार के रेल एसपी संजय भारती, सोनपुर के एसडीपीओ अंजनी कुमार, छपरा सदर के एसडीपीओ संतोष कुमार, पटना के एएसपी अजय कुमार, समस्तीपुर के एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, एसटीएफ के इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार मेधावी, पटना के एसआई गुलाम मुस्तफा, सीआईडी के एसआई इस्तखार खान, सीआईडी के एएसआई बिन्नू रजक, राहुल कुमार, कमल झा, हवलदार अंगद सिंह यादव, विजय कुमार सिंह, सिपाही अमरेन्द्र मिश्रा, राहुल कुमार, और शंभु कुमार, कांस्टेबल शामिल हैं।




## बिहार के पांच मनरेगा मजदूरों के परिवार को भारत सरकार की ओर से मिला आमंत्रण

**एजेंसी/पटना**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिहार के 5 मजदूर परिवारों को आमंत्रण दिया गया है। भारत सरकार की अमृत योजना के तहत मनरेगा में बेहतर काम करने वाले 50 मजदूरों को कार्यक्रम में शिरकत होने का न्यौता मिला है। इन मजदूरों में 5 बिहार के हैं। ये सभी मजदूर मुजफ्फरपुर, किशनगंज, बक्सर, जमुई और पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं।

बक्सर के खनिता गांव के निवासी विश्वनाथ राम और उनकी पत्नी मीना देवी दिल्ली से बुलावा आया है। केंद्र सरकार के कार्यक्रम से आमंत्रण मिलने के बाद दोनों खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। वहीं सीवान जिले के मोहम्मदपुर गांव के रहने वाले मनोज सहनी को भी भारत स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बुलावा आया है। इस बुलावे के बाद मनोज सहनी ही नहीं बल्कि उनका पूरा परिवार बेहद खुश है। बता दें कि मनोज साहनी मछली पालन करते हैं।

## 156 रुपये की जगह एक लाख रुपए का आया बिजली बिल

♦ जनता दरबार में आए वैशाली के एक फरियादी ने सीएम नीतीश कुमार से की शिकायत

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दरबार में सोमवार को शिकायत लेकर पहुंचे लोगों की फरियाद सुनीं। साथ ही त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को निर्देश भी दिया। जमुई, वैशाली, नालंदा, शिवहर समेत बिहार के अलग-अलग जिलों से लोग पहुंचे थे। जनता दरबार में बिजली बिल की शिकायत लेकर वैशाली से पहुंचे एक शख्स की बात सुनकर सीएम नीतीश कुमार चौंक गए। दरअसल वैशाली से आए शख्स ने सीएम नीतीश से कहा कि उसका बिजली बिल 156 रुपये आता था। अब अचानक एक लाख रुपया भेज दिया गया है। यह बात सुनकर नीतीश कुमार चौंक गए और कहा अच्छा... इसके बाद तुरंत उन्होंने पास में खड़े अधिकारी से विभाग को फोन लगाने के लिए कहा। सीएम नीतीश ने कहा कि वैशाली से एक शख्स आए हैं। जरा देख लीजिए। यह कह रहे हैं कि बिजली बिल में बहुत ज्यादा पैसा आ रहा है। देख लीजिए।



जनता दरबार में मनेर प्रखंड से आए एक शख्स ने सड़क के चौड़ीकरण को लेकर नीतीश कुमार से मांग की। कहा कि उनके प्रखंड में प्याज के उत्पादक वाले इलाके में सड़क दस फीट चौड़ी है। बिहटा शिवाला सड़क जाम हो जाता है या दानापुर मनेर जाम हो जाता है। ऐसे में वही सगुना मोड़ तक आने का वैकल्पिक रास्ता है। अगर ये सड़क चौड़ी हो जाता है तो हमलोगों के लिए बहुत अच्छा हो जाता। इस पर नीतीश कुमार संबंधित विभाग को देखने के लिए कहा।






### जेपी गंगा पथ फेज-2 का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन

# तोहफा... मात्र 20 मिनट में तय होगी दीघा से गायघाट की दूरी

- उद्घाटन के साथ जेपी गंगा पथ फेज-2 पर आवागमन शुरू
- नीतीश कुमार ने 11 अक्टूबर 2013 को की थी जेपी गंगा पथ परियोजना की शुरुआत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पटनावासियों को तोहफा दिया। नीतीश कुमार ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जेपी गंगा पथ फेज-2 ( पटना मरीन ड्राइव ) का उद्घाटन किया। इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। जेपी गंगा पथ फेज-2 के चालू हो जाने से लोग अब दीघा से गायघाट तक आसानी से पहुंच सकेंगे। गायघाट तक आने में लोगों को अब रोड जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटन के साथ जेपी गंगा पथ फेज-2 पर आवागमन शुरू हो गया है। बता दें कि जेपी गंगा पथ परियोजना की शुरुआत 11 अक्टूबर 2013 को नीतीश कुमार ने ही किया था। फेज वन और फेज टू का नीतीश कुमार ने उद्घाटन कर दिया। शेष बचे आठ किलोमीटर पर काम चालू है। अनुमान है दिसंबर अंत तक फेज थ्री का भी उद्घाटन कर दिया जाएगा। इससे पहले दीघा से पीएमसीएच तक शुरू किया गया था। अब इसे बढ़ाकर गायघाट तक कर दिया गया है। बता दें कि पहले दीघा से गायघाट पहुंचने में दो घंटे लगते थे, लेकिन अब 20 मिनट में ही लोग यह दूरी तय कर लेंगे। उद्घाटन समारोह को देखने पहुंचे पटनावासी बहुत खुश थे। पटनावासियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया।



### दरभंगा में जो जमीन चुनी गई है, उसी पर बनाना होगा एम्स: सीएम

दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स के निर्माण पर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच घमासान मचा है। दोनों सरकारों के मंत्रियों और नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच अब मुख्मंत्री नीतीश कुमार ने चुप्पी तोड़ी है। सीएम ने मोदी सरकार को दो टूक जवाब दिया है। उन्होंने कहा है दरभंगा में हमने जो जमीन चुनी है वह सबसे उपयुक्त है। एम्स का निर्माण वहीं पर करना होगा। अगर केंद्र सरकार ऐसा नहीं करती है तो फिर उनकी इच्छा जो करें। दरभंगा के शोभन बायपास से पास एम्स की स्थापना के लिए 151 एकड़ जमीन दी गई है। पहले दरभंगा मेडिकल कॉलेज परिसर में इसके लिए जमीन दी गई थी लेकिन बाद में नीतीश कुमार ने अपना फैसला बदल दिया। लेकिन, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने इस जमीन को लो लैंड बताते हुए मिट्टी जांच में बेकार करार दिया। नीतीश कुमार ने जमीन के नीचे होने का आरोप खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि हम जमीन ऊंची करके देंगे। उन्होंने कहा है कि इसके दोनों तरफ रास्ते का निर्माण कराया जाएगा। यही नहीं कई अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि इससे दरभंगा का भी विकास होगा। पटना में मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के दूसरे चरण के निर्माण के उद्घाटन के बाद मीडिया से बात करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दरभंगा मेडिकल कालेज अस्पताल का और विस्तार किया जाएगा। इसे पीएमसीएच की तर्ज पर इसे भी बेहतर बनाया जाएगा।

## राज्य में 17 से होगा कालाजार से बचाव के लिए दवा का छिड़काव

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बिहार से वर्ष 2022 में ही कालाजार बीमारी का उन्मूलन की घोषणा हो चुकी है। अब इस स्थिति को बरकरार रखने हेतु राज्य सरकार पूर्ववत से चल रहे सभी गतिविधियों का संचालन ससमय किया जा रहा है। ताकि राज्य में फिर से कालाजार बीमारी का प्रसार न बढे। इसी मुहिम को ध्यान में रखते हुए आगामी 17 अगस्त से राज्य के 32 जिलों में कालाजार आक्रांत चिहिन्त गांवों में सघन रूप से सिंथेटिक पैराथायीराईड कीटनाशक का छिड़काव कराया जाना है।

17 अगस्त 2023 से प्रारंभ होकर अक्टूबर महीने तक कुल 60 कार्य दिवस के दिन सभी जिलों में छिड़काव किया जाएगा। इन 32 जिलों के 348 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 1940 उप स्वास्थ्य केंद्रों कें अंतर्गत आने वाले 2516 राजस्व



गांवों में हैंड कंम्प्रेशन पंप से दवा का छिड़काव किया जाएगा। जिसमें बिहार के इन गांवों के लगभग 1 करोड 39 लाख 89 हजार 379 लोग आक्रांत जनसंख्या वाले इलाके में दवा का छिड़काव होगा। उक्त बातें वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहीं।

**इन जिलो में दवा का किया जाएगा छिड़कावः** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि राज्य के 32 जिलों में ही दवा का छिड़काव किया जाना है। इनमें वैशाली, सारण, सहरसा, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, अररिया, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, गोपालगंज, कटिहार, खगड़िया, मधुबनी, शिवहर, सीवान, सुपौल, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, किशनगंज, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, पटना, पश्चिम चंपारण और शेखपुरा शामिल है। उन्होंने बताया कि मुंगेर और नवादा दो ऐसे जिले हैं जहां मलेरिया और कालाजार दवा का छिड़काव साथ-साथ चलेगा। ज्ञात हो कि इस वर्ष यानि कि जुलाई माह तक राज्य में कुल 246 भीएल के मरीज पाए गए हैं। जबकि पीकेडीएल के 86 कालाजार के मरीज मिले हैं। पिछले साल यानि वर्ष 2022 की तुलना में भीएल में 46 फीसदी और पीकेडीएल में 58 फीसदी की कमी पायी गई है।

## आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक व बीएसएपी-4 के हलवदार को राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान



**बक्सर।** जिले में पदस्थापित आरपीएफ व पुलिस विभाग के दो अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान मिला है। बक्सर आरपीएफ के इंस्पेक्टर दीपक कुमार को डीजी इन साइन पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार 15 अगस्त को हाजीपुर स्थित जोनल मुख्यालय में आरपीएफ के आईजी शरदचंद पाढ़ी प्रदान करेंगे। उन्हें यह सम्मान, बेहतर कार्यों, अपराध नियंत्रण तथा त्वरित अनुसंधान के लिए दिया गया है। गौरतलब है कि बक्सर में पदस्थापित होने के बाद दीपक कुमार ने रेल अपराधियों पर नकेल कसने में सफल रहे हैं। वहीं रेल यात्रियों के साथ ही उनका व्यवहार काफी मधुर रहा है। उन्होंने कई जटिल मामलों का सफल उद्भेदन किया है। वहीं दूसरी तरफ बिहार विशेष सशस्त्र सैन्य पुलिस-4 में बतौर हवलदार तैनात अंगद सिंह यादव को भी राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान के लिए चुना गया है। वे 1988 में बीएमपी में सिपाही के रूप में चयनित हुए थे तथा 2011 से डुमरांव के हरियाणा फार्म स्थित बीएसएपी -4 में नव चयनित सिपाहियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्हें यह सम्मान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन तथा सर्विस काल में साफ सुधरी छवि के लिए दिया गया है।






रोचक किस्सा

# लेडी गोडिवा: एक अंग्रेज औरत के त्याग की अनूठी दास्तान



पंकज भारद्वाज
लेखक



मशहूर शायर मुनीर नियाजी का एक शेर है– शहर का तब्दील होना शाद रहना और उदास
रौनकें जितनी यहां हैं औरतों के दम से हैं
यकीनन, हमारी इस दुनिया को खूबसूरत बनाने में औरत यानी स्त्रियों की अहम भूमिका है। बरसों से आग में जिंदा जलने और गम के सांचे में चुपचाप ढलने वाली औरतों ने इस दुनिया की खातिर अपना बहुत कुछ कुर्बान किया है। त्याग और ममता की प्रतिमूर्ति सेत में नहीं कही जातीं। लंबी फेहरिस्त है। अदभुत दास्तान हैं। इनमें से कई ऐसे भी हैं, जिन्हें लोग जानते ही नहीं या भुला चुके हैं। किसे फुर्सत जो गुमनामी के स्याह अंधेरे में डूबी उन औरतों तक पहुंचने की जहमत उठाए, जिन्होंने हमारी हिजाफत खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसी ही एक अकथ कहानी है लेडी गोडिवा की, जिसने प्रजा की खुशी की खातिर पूरे शहर में नंगे बदन घूमने का शर्त पूरा किया था। ताज्जुब होगा जानकर कि यह शर्त उसके पति ने ही रखी थी।

यह किस्सा है 11 वीं सदी में इंग्लैंड के कोवेंट्री में पैदा हुई गोडिवा की, जो एंग्लो-सेक्सन कुलीन औरत थी। उसकी शादी मर्सिया के अर्ल (एक पद, जो तब अमीर अंग्रेजों को दिया जाता था) लियोफ्रिक के साथ हुई थी। कहते हैं एक बार लियोफ्रिक ने अपनी प्रजा पर टैक्स काफी बढ़ा दिया। इसके चलते लोगों की तकलीफ भी काफी बढ़ गई। लोग दुखी रहने लगे। यह देख लेडी गोडिवा को दया आ गई। उसने अपने पति लियोफ्रिक से टैक्स का बोझ कम करने को कहा। बार-बार अनुरोध किया। एक रोज लियोफ्रिक ने खीझकर उससे कहा कि यदि वह कोवेंट्री की सड़कों पर भीड़ भरे बाजार में नंगे होकर घूमेगी तो वह टैक्स का बोझ कम कर देगा। गोडिवा को लगा यदि इतने से ही हजारों लोगों के घरों में रौनक लौट आएगी, तो यही सही। किंवदंती है कि लोगों की खुशी की खातिर सफेद घोड़े पर नंगे बदन सवार हो गोडिवा ने पूरे कोवेंट्री की सड़कों का भ्रमण किया। हालांकि उसके बाल इतने लंबे थे कि पूरे शरीर को ढंक रहे थे। जब गोडिवा नंगे बदन घोड़े पर सवार हो सड़क पर निकली तब शहर के लोगों ने अपने घरों के खिड़की-दरवाजे बंद कर लिए थे। कहते हैं कि थॉमस नाम का एक दर्जी उसे देखने के लिए निकला, तो उसकी आंखें अंधी हो गईं। कुछ कहते हैं कि उसकी मौत हो गई। उसे बाद में पीपिंग टॉम की संज्ञा दी गई। हालांकि इतिहासकारों ने लियोफ्रिक और गोडिवा का जिक्र तो किया है, लेकिन गोडिवा की नंगे बदन घोड़े की सवारी का जिक्र नहीं किया है। वेंडोवर के रोजर (मृत्यु 1236) ने इस घटना का जिक्र जरूर किया है। वहीं एक अन्य इतिहासकार रॉनल्फ हिंग्डेन (मृत्यु 1364) ने भी अपने पॉलीक्रोनिकॉन में इस घटना के बारे में लिखा है कि गोडिवा के नंगे बदन घूमने के बाद लियोफ्रिक ने शहर को सभी करों से मुक्त कर दिया था। सिर्फ घोड़ों पर कर लगता था। इसके अलावा बाद में कई मशहूर चित्रकारों ने लेडी गोडिवा की सफेद घोड़े पर नंगे बदन सवारी का चित्र भी बनाया। यही नहीं, कोवेंट्री में लेडी गोडिवा की ऐसी ही एक प्रतिमा लगी है, जिसमें वे नंगे बदन सफेद घोड़े पर बैठी हैं और लंबे बाल उनके पूरे बदन को ढंके हुए हैं। इससे भी बढ़कर यह कि गोडिवा के त्याग की यह कहानी कोवेंट्री के लोगों के दिल-ओ-दिमाग में बसती है। यही वजह है कि हर साल वहां उसकी याद में गोडिवा जुलूस निकाला जाता है। इतिहास बताता है कि इसकी शुरूआत 17वीं सदी में ही हुई थी। बीच में कभी-कभी कुछ अवरोध जरूर आए, लेकिन कोवेंट्री वालों ने अपनी गोडिवा को नहीं भुलाया। गोडिवा का लैटिन नाम गोडगिफू था, जिसका अर्थ होता है ईश्वर का उपहार। देखा जाए तो गोडिवा कोवेंट्री के लोगों के लिए वाकई ईश्वर का उपहार ही थी। वैसे भी औरतें इस खुदाई में खुदा की सबसे खूबसूरत नेमत मानी गई हैं। वह चाहे अरब की हों, अंग्रेज हों या हिंदुस्तानी। और गोडिवा के भीतर भी तो औरत का ही दिल धड़कता था।

# डुमरांव की साक्षी ने सीनियर स्टेट जूडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

- नेशनल गेम में गोल्ड लाने की कर रही तैयारी
- स्टेट चैंपियनशिप में अब तक तीन बार जीत चुकी हैं गोल्ड मेडल

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**



जूडो कराटे जैसे दमखम व फूर्ती वाले खेल में भी अब लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं कर गई हैं। इसे साबित कर दिखाया है डुमरांव की जूडो प्लेयर साक्षी ने। साक्षी ने दानापुर में संपन्न हुए सीनियर स्टेट जुडो चैम्पियनशिप में बक्सर का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। साक्षी ने फाइनल में पटना की प्रतियोगी को आसानी से परास्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर जिले को गौरवान्वित किया है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गोल्ड मेडल के साथ अपने घर लौटी साक्षी का माता पिता के साथ ही मोहल्लेवालों ने जोरदार स्वागत किया। वह अब तक स्टेट चैंपियनशिप में तीन बार गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। अब उनका अगला लक्ष्य राजस्थान में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने का है। यह नेशनल चैंपियनशिप 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

बता दें कि वह डुमरांव के स्टेशन रोड स्थित राज हाई स्कूल के ठीक सामने की मूल निवासी हैं। उसके पिता संतोष कुमार व्यवसायी हैं जबकि मां रेखा प्रसाद हायर एजुकेटेड महिला के साथ ही एक ब्यूटिशियन हैं। लेकिन माता पिता से अलग साक्षी जूडो कराटे जैसे खेल में काफी रुचि रखती हैं। साक्षी के पिता संतोष ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल आने के साथ ही साहसी व बहादूर हैं। शुरू से ही उनकी रुचि जूडो के प्रति थी। पिता संतोष कुमार को इस बात का मलाल है कि उनकी बेटी तीन बार स्टेट लेवल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी है लेकिन इसके बाद भी बिहार सरकार के स्तर पर कोई पूछ नहीं है। सरकार अगर सुविधा दे तो साक्षी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने का माद्दा रखती है।

उन्होंने कहा कि बिहार में खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार को ध्यान देना चाहिए ताकि हर जिला और कस्बा से प्रतिभा निखरकर सामने आए।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बंजरिया में पौधरोपण

**चौगाईं।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से संबद्ध नेहरू युवा केंद्र, बक्सर एवं जय हिंद व युवा क्लब बंजरिया के संयुक्त तत्वावधान में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत बंजरिया गांव में फलदार तथा छायादार पौधा डॉ संजय कुमार सिंह, व्याख्याता भूगोल विभाग, सह नगर मंत्री भारतीय जनता पार्टी डुमरांव, भूतपूर्व सैनिक महेंद्र सिंह, श्याम बिहारी सिंह एवं राजेश कुमार आदित्य, श्याम प्रकाश सिंह यादव के हाथों लगाया गया। कार्यक्रम में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सदस्य भी शामिल हुए।

## मुख्य समारोह राज हाई स्कूल मैदान में होगा

# जश्न-ए-आजादी... आज हर घर शान से लहराएगा तिरंगा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



मंगलवार को देश का 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूर्व संध्या पर सभी सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों के अलावे सरकारी दफ्तरों, निजी प्रतिष्ठानों में झंडोतोलन की तैयारी पूरे दिन होते रही। लोग झंडोतोलन स्थल की साफ सफाई तथा राष्ट्र ध्वज, बांस बल्ला व पाइप आदि खरीदने तथा रंग रोगन कराने में व्यस्त रहे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या से ही जश्न-ए-आजादी का उमंग चहुंओर दिखाई पड़ने लगा था। डुमरांव अनुमंडल का मुख्य समारोह स्थानीय राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित होगा। जहां एसडीओ कुमार पंकज झंडोतोलन कर सलामी देंगे। वहीं विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र छात्राओं, एनसीसी कैडेटो व एनएसएस के वोलंटियरों मार्च पास्ट करेंगे। स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सभी जगहों पर पूर्व संध्या तक तैयारी पूरी कर ली गई है। राज हाई स्कूल के खेल मैदान को चारों तरफ से साफ सुथरा कर लिया गया है। स्वतंत्रता दिवस का असर बाजार में भी देखने को मिला। पूरे दिन लोग तिरंगे झंडे के साथ ही तिरंगा वाले बैच, बेल्ट, फल, मिठाई आदि की खरीददारी करते रहे।

**डुमरांव में दो दिनों तक मनाया जाता है जश्न:** देशभर में आजादी पर झंडोतोलन व राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रम सिर्फ 15 अगस्त को आयोजित होते है। जबकि डुमरांव में यह कार्यक्रम दो दिनों तक आयोजित होता है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन यहां शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिन सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान डुमरांव के चार क्रांतिकारी थाना जलाने तथा तिरंगा फहराने के दौरान अंग्रेजी हुकुमत की गोलियों को अपने सीने पर खा शहीद हुए थे। उनके सम्मान में शहीद दिवस मनाया जाता है। स्वतंत्रता दिवस के साथ ही शहीद दिवस की तैयारी शुरू हो जाती है। इस दिन अमर शहीदों को नमन करने के साथ ही उनके याद में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

# हाफ मैराथन में लगातार दूसरी बार गाजीपुर के उमेश जीते

**बक्सर।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर रोट्रैक्ट क्लब, बक्सर ने हॉफ मैराथन का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन रोटरी के अध्यक्ष राजेश केशरी के साथ ही रोट्रैक्ट अध्यक्ष सुजीत कुमार गुप्ता ने सकिया। यह हाफ मैराथन सुबह 6.30 बजे वीर कुंवर सिंह चौक से शुरू हुआ। रोट्रैक्ट क्लब के प्रेसिडेंट सुजीत कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मैराथन दौड़ क्लब द्वारा कराया जाता है। इस दौड़ प्रतियोगिता में बिहार के भोजपुर, रोहतास, कैमूर व बक्सर के अलावे उत्तरप्रदेश के बलिया, गाजीपुर, चंदौली, मुगलसराय जिलो से कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वही दौड़ समाप्त होने के बाद टॉप इलेवन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कारों से नवाजा गया। जिसमें प्रथम स्थान पर गाजीपुर करण्डा के उमेश यादव ने बाजी मारी। उमेश ने 5 किलोमीटर का लक्ष्य 13 मिनट 55 सेकेंड में ही प्राप्त कर लिया। द्वितीय स्थान पर चंदौली के बालेश्वर कुमार, तृतीय स्थान पर बलिया जिले के अवनीश कुमार यादव रहे।







# बक्सर पुलिस ने तीन लूटकांडों को किया पर्दाफाश, चार लुटेरे गिरफ्तार

♦ लूट का 7200 रुपए, एक पिस्टल व दो बाइक बरामद, एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

हाल के दिनों में जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई लूट की सीरियल घटनाओं से पुलिस की खासी किरकिरी हुई थी। लेकिन बक्सर पुलिस ने एक साथ लूट की तीन घटनाओं का उदभेदन कर अपनी साख बचाई है। इस दौरान चार लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूटे गए रूपयों में से 7200 नगद, लूट के पैसों से खरीदी गई दो बाइक तथा एक पिस्टल भी बरामद किया गया है। सोमवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। एसपी ने



बताया कि 12 अगस्त को सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के टीकपोखर गांव के पास आभूषण व्यवसायी राजन उर्फ गोल्टू सोनार से हुए एक लाख नगद, मोबाईल व चांदी लूटकांड में बगेन गोला थाना क्षेत्र के भदवर गांव के सूरजभान सिंह तथा इटाढ़ी थाना क्षेत्र के साथ गांव निवासी लक्ष्मण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूटे गए रूपयों में 7200 बरामद किया गया है।

वहीं धनसोई थाना क्षेत्र के पटखवलिया गांव के पास 2 अगस्त को किराना व्यवसायी जितेन्द्र केशरी से 1.32 लाख की लूट तथा 21 मार्च 2023 को बक्सर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में सीएसपी संचालक से 20 हजार की लूटकांड में संलिप्त भरत पांडेय को वीर कुंवर सिंह कॉलोनी से तथा नया बाजार मठिया मोहल्ला से मधुसूदन को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। भरत के किराए के मकान से लूट के रूपयों से खरीदी गई बाइक तथा पिस्टल जबकि मधुसूदन के पास से एक बाइक बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि चारों पर पहले से भी मद्य निषेध तथा आर्म्स ऐक्ट जैसे मामले दर्ज है। वहीं पटखवलिया लूटकांड के फरार एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छोपमारी की जा रही है।




## स्वतंत्रता दिवस पर विश्वामित्र हॉस्पिटल में बांटी जाएगी 75 क्वींटल जलेबी



**बक्सर।** बक्सर के चर्चित विश्वामित्र हॉस्पिटल द्वारा लगातार दूसरे वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन कर राष्ट्रीय मिठाई का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में जानकार देते हुए हास्पिटल के डायरेक्टर डा राजीव कुमार झा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वे अपने अस्पताल में झंडोतोलन कराने के साथ ही 75 क्वींटल जलेबी का वितरण कराएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व संध्या पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह में झंडोतोलन के बाद अस्पताल के बाहर स्टाल लगाकर जलेबी का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय त्योहार हमारा सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में सबको शामिल हो अपने देश की आजादी को अच्छूण बनाए रखने की कोशिश करना चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

### टीबी मुक्त पंचायत पहल को लेकर सिविल सर्जन ने की समीक्षात्मक बैठक

# 100% नोटिफाइड मरीजों के खाते में भेजें निक्षय पोषण राशि: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति प्रयासरत है। इस क्रम में प्रखंडों में टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की प्रगति को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति के सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने समीक्षा बैठक बुलाई। जिसमें कार्यक्रम के सभी घटकों की समीक्षा के साथ इसके सफल संचालन पर परिचर्चा भी की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत के घटकों में सरकार ने थोड़ा बदलाव किया है। जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि पंचायत में प्रति 1000 की आबादी पर एक व उससे कम मरीज मिलने चाहिए। वहीं, 1000 की आबादी पर टीबी के 30 लक्षण वाले मरीजों की जांच अनिवार्य है। टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए इस लक्ष्य को हर हाल में हासिल करना होगा। उन्होंने बताया कि नई गाइडलाइन के तहत टीबी के शत प्रतिशत आंकलन के लिए पंचायती राज संस्थाओं का सशक्तिकरण जरूरी है। ताकि, वार्ड स्तर तक टीबी मरीजों की निगरानी सुगमता से की जा सके। वहीं, टीबी के 80 प्रतिशत मरीजों की डायबिटीज और एड्स की जान अनिवार्य रूप से करते हुए रिपोर्ट अपडेट होनी चाहिए। साथ ही, 100 प्रतिशत नोटिफाइड मरीजों के खाते में निक्षय पोषण राशि भेजी जानी सुनिश्चित होना चाहिए।



**ट्रीटमेंट कार्ड पर हो चिकित्सा पदाधिकारी का हस्ताक्षर :** सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने कहा, सरकार ने 2025 तक देश को टीबी से मुक्त बनाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए लगातार सभी कार्यों और सेवाओं की समीक्षा ऑनलाइन की जा रही है। ऐसे में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंडों के कई इलाजरत मरीजों के ट्रीटमेन्ट कार्ड पर चिकित्सा पदाधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं है। इसलिए सभी अधूरे ट्रीटमेन्ट कार्ड पर संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों का हस्ताक्षर अनिवार्य है। साथ ही, ट्रीटमेंट कार्ड को अपडेट करें। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत योजना और टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। किसी एक पंचायत या एक प्रखंड के टीबी मुक्त होने पर जिले को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए सभी प्रखंडों का टीबी मुक्त होना जरूरी है।

**निक्षय मित्र योजना में इटाढी प्रखंड का प्रदर्शन बेहतर :** सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए चलाए जा रहे निक्षय मित्र योजना में सबसे बेहतर प्रदर्शन इटाढ़ी प्रखंड का है। उन्होंने प्रखंड के एसटीएस और एसटीएलएस की भूमिका की सराहना करते हुए इसमें और तेजी लाने की बात कही। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत पहल को लेकर पंचायत और ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर से पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर गतिविधियों का संचालन शुरू किया जाए। अब आशा कार्यकताओं की हड़ताल समाप्त हो चुकी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं और क्रायक्रमों को गति मिलेगी। तत्पश्चात जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय, सीनियर मेडिकल कंसल्टेंट डॉ. अजय कुमार सिंह और डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. विजयेंद्र कुमार सौरभ ने योजनाओं और कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में डीपीसी कुमार गौरव, क्लर्क मनीष कुमार श्रीवास्तव समेत जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मी समेत जिले भर के एमओआईसी, बीएचएम, एसटीएस, एसटीएलएस मौजूद रहे।






**मिली सफलता :** लुटेरे के पास से एक देशी कट्टा और दो गोली बरामद

# उदंतनगर थाना के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना की पुलिस ने हथियार के साथ घूम रहे एक कुख्यात लुटेरे को गिरफ्तार किया है। वह उसी थाना क्षेत्र के गड़हा गांव निवासी मधेश यादव का पुत्र बंगाली यादव उर्फ रितेश कुमार है। उसके पास से एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद किया गया है। रविवार की रात उसे गड़हा गांव से गिरफ्तार किया गया। वह उदंतनगर थाने के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था। उसके खिलाफ उदंतनगर थाने में पूर्व से लूट, डकैती व आर्म्स एक्ट के करीब दर्जन भर मामले दर्ज हैं। वह कुछ मामलों में वांटेड भी था। कुछ दिनों पहले लूट की एक घटना को अंजाम दिया था।



एसपी प्रमोद कुमार यादव ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार-सोमवार की रात करीब दो बजे सूचना मिली कि गड़हा गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उसके बाद एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा दो गोली बरामद किया गया। पूछताछ में उसने कुछ दिनों पूर्व लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। एसपी ने बताया कि वह कुख्यात और उदवंतनगर थाने का टॉप टेन अपराधी था। उसकी गिरफ्तारी से लूटपाट की घटनाओं पर रोक लगेगी। उसके पकड़े जाने से एक बड़ी घटना भी टल गयी। यह पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है।

**लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था बंगाली :** एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गड़हा निवासी बंगाली यादव उर्फ रितेश कुमार का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ अब तक सिर्फ उदंतनगर थाने में करीब दर्जन भर लूट के मामले दर्ज हैं। वह हाल में ही जमानत पर आया था। उसके बाद लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। वह जब भी जेल से बाहर आता है, तब आपराधिक वारदात खासकर लूट और छिनतई की घटनाओं को अंजाम देता है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये अपराधी ने कुछ दिन पूर्व लूट की एक घटना को अंजाम दिया था। तब उसने बाइक सवार एक राहगीर से पैसे छीन लिया था। उस मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज से उसकी पहचान की गयी थी। पकड़े जाने के बाद उसने घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार भी किया है।


# जिला बार एसोसिएशन के दो मंजिला भवन का होगा निर्माण

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय व्यवहार न्यायालय स्थित जहानाबाद बार एसोसिएशन में मशहूर दवा कंपनी अरिस्टोफार्मा के मैनेजिंग डायरेक्टर भोला शर्मा का आगमन हुआ, जहां भोला शर्मा ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से मिलकर संबंधित समस्याओं से अवगत हुए तो वहीं बार एसोसिएशन के सचिव रजनीश कुमार के द्वारा उनका स्वागत अंगवस्त्र देकर फूल मालाओं से किया गया।



बताते चलें कि बार एसोसिएशन के पुस्तकालय सभागार में भोला शर्मा की मौजूदगी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौजूद एसोसिएशन सचिव ने अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया। भोला शर्मा ने पूरी तत्परता के साथ समस्याओं का निदान करने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने अपने सीए को बार एसोसिएशन से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन में दो मंजिला इमारत का निर्माण किया जाएगा। साथ ही साथ सोलर प्लेट लगाए जाएंगे और पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाएगी।










कविता

### पन्द्रह अगस्त

एक अगस्त सागर को जब,
बिल्कुल सुखवा सकता है।
पन्द्रह अगस्त की बात यार,
फिर कौन बता सकता है।।
सदियों से सत्य अहिंसा का,
यह पाठ पढ़ाने वाला,
तारे ग्रह नक्षत्र क्या,
सूरज को निगलने वाला,
छोटा भरत सिंह का जब,
सब दांत गिना सकता है।
पन्द्रह अगस्त की बात यार,
फिर कौन बता सकता है।।
देश प्रेम का प्रथम मशाल,
मंगल ने जब सुलगाया,
उस मशाल को लेने तब,
कुंवर सिंह आगे आया,
जब बिहार का एक बूढ़ा,
तूफान उठा सकता है।
पन्द्रह अगस्त की बात यार,
फिर कौन बता सकता है।।
सुलग रही थी चिंगारी वह,
जंग ए आजादी की,
उलटी गिनती शुरू हुई,
गोरों के बबार्दी की,
जब एक सुभाष दुश्मन को,
लोहे चबवा सकता है।
पन्द्रह अगस्त की बात यार,
फिर कौन बता सकता है।।
वसुधैव कुटुंबकम् का नारा,
बस हमीं लगाने वाले हैं,
दुश्मन के ईंट का पत्थर से,
ऋण सभी चुकाने वाले हैं,
अग्नि और ब्रह्मोस आज,
भूगोल मिटा सकता है।
पन्द्रह अगस्त की बात यार,
फिर कौन बता सकता है।।

- पाण्डेय अकेला
कैमूर, बिहार



## विभाजन विभीषिका की स्मृति को किया स्मरण, रखा दो मिनट का मौन

# यह आजादी ऐसे ही नहीं मिली: सांसद

केटी न्यूज/बलिया



आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभाजन विभीषिका पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री सभी अतिथियों व मौजूद लोगों को दिखाया गया। त्रासदी के दौरान अपनी जान देने वाले बलिदानियों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर विभाजन विभीषिका से संबंधित अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें तत्कालीन घटनाक्रम की फोटो, अखबारों की कतरनें, साहित्य, राजकीय अभिलेख एवं विस्थापित परिवारों के द्वारा संरक्षित सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने आजादी के दौरान कुर्बान हुए वीरों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव पर इस विभाजन विभीषिका दिवस को मनाने के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आजादी ऐसे ही नहीं मिली है। इसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। इसलिए उस आजादी का महत्व समझते हुए उसे अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भारत के उस विभाजन विभीषिका के दौर को याद कर करते हुए बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जिस देश का समाज अपना अतीत नहीं जानता, समाज सोया हुआ माना जाता है। इस दौरान उन्होंने बंगाल विभाजन और स्वदेशी आंदोलन का भी जिक्र किया। बलिया के क्रांतिकारियों का गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए 1942 की ऐतिहासिक कहानी बताया। उन्होंने कहा कि बलिया में शहीदों के जितने अनाम शहीद हैं, उनको भी चिन्हित कर स्मारक बनवाने की पहल हो।

**स्वतंत्रता सेनानी व विस्थापित परिवार के लोगों के प्रति नीरज ने जताया आभार :** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने सभा में आए स्वतंत्रता सेनानी और विस्थापित परिवार के लोगों का आभार जताया और विभाजन विभीषिका दिवस के मार्मिक व्यथा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस तरह का भयानक विस्थापन हमारे देश के साथ हुआ यह विस्थापितों के लिए अत्यंत निराशाजनक है और पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। जिलाधिकारी ने विभाजन विभीषिका के दौरान बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी अतिथियों, स्वतंत्रता सेनानी व उनके आश्रितों, विस्थापित परिवार के लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया जिला का नाम ब्रिटिश पार्लियामेंट में उल्लेखित होने का वर्णन करते हुए बलिया की बलिदानी धरती पर कार्य कर खुदको गौरवान्वित महसूस होने की बात कही।

**विभाजन के यादों को किया साझा :** विभाजन विभीषिका के दौरान विस्थापित परिवार के सरदार सुरेंद्र सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जय भारत पाकिस्तान बंटवारा हुआ तब वहां से हमारे लोग अपनी जमीन, पशु और अन्य बहुमूल्य चीजें छोड़कर लाहौर के पास से गांव में रहते थे इसके बाद किसी तरीके से रात के अंधेरे में जान बचाकर भारत आ गये और यहां फिर से मेहनत करके अपने जिंदगी संवारने का काम किया। इसी दौरान स्वतंत्रता सेनानी रामविचार पांडेय ने भी भारत विभाजन के दौरान पूर्वी बंगाल एवं पश्चिमी पाकिस्तान से बलिया जिले में आये शरणार्थियों के विषय में उनकी दर्दनाक कहानी शेयर की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ डा जयंत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर जनपद के अधिकारियों ने दिए सुझाव

**बलिया।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दल के पदाधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों के संभाजन कार्यक्रम में सकारात्मक सहयोग के लिए बैठक आयोजित की गई। इसमें राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि मतदान स्थलों का संभाजन भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि कोई भी आपत्ति संबंधी आवेदन अपने दल का नाम लिखकर संबंधित उप जिला अधिकारी /उप निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में दे सकते हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी /तहसीलदार को निर्देशित किया कि सभी लोग स्थलीय निरीक्षण करने के बाद ही मतदान स्थल निर्धारित करें। उन्होंने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षण करने वाले अधिकारियों के हस्ताक्षर कराकर ही रिपोर्ट हमारे पास जमा होना चाहिए। जो आवेदन प्रतिनिधियों द्वारा दिया गया है उस आवेदन का निस्तारण 15 अगस्त तक कर लिया जाए। 16 अगस्त को सूची का प्रकाशन होगा। उन्होंने विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारियों से बीएलए की सूची शासन स्तर पर उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक जख्मी

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के बलिया मोड़ के पास असंतुलित होकर बाइक खेत में पलट जाने से जहां एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। नगरा थाना क्षेत्र के ढेंकवारी निवासी अभय पांडेय, मनीराम व डूमाडांड निवासी पिंटू पांडेय तीनों जिगरी दोस्त थे। अभय दिल्ली में नौकरी करते हैं, लिहाजा तीनों दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर अभय को बलिया स्टेशन पर ट्रेन पकड़वाने के बाद मनीराम और पिंटू वापस वापस लौट रहे थे, अभी बलिया मोड़ के पास पहुंचे थे कि बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे पिंटू की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठे मनीराम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायल मनीराम को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिंटू के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। उधर मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।




# जिन्ना और नेहरू ने तोड़ दिया देश: मस्त




**बलिया।** भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने आरोप लगाया कि मोहम्मद अली जिन्ना और नेहरू के पीएम बनने की जल्दवाजी और जिद्द ने अखंड भारत को तीन टुकड़ों में तोड़ दिया था। श्री मस्त ने कहा कि आजादी मिलने के बाद भी अखंड और वृहद भारत के सपने को हम लोग साकार करेंगे। जो भारत अखंड और वृहद होगा वही विकसित भारत होगा। श्री मस्त रेलवे के अतिथि गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सांसद ने कहा कि सबसे पहले जिन्ना ने सम्मेलन किया और उस सम्मेलन के जरिए टू नेशन थ्योरी की आवाज बुलंद किया। उसके बाद देश पर शासन कर रहे अंग्रेजों ने जिन्ना की इस आवाज को ह?थियाद बना लिया। भारत छोड़ते-छोड़ते अंग्रेजों ने अखंड भारत को हिंदू और मुसलमान दो भागों में विभाजन कर दिया। श्री मस्त ने कहा कि देश की आजादी के लिए कांग्रेस के बैनर तले आरएसएस के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगवार, डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, जयप्रकाश नारायण, मोहम्मद अली जिन्ना आदि सभी ने एक साथ काम किया। उस दौरान भी मुस्लिम राष्ट्र की बात मोहम्मद अली जिन्ना उठाते रहते थे, तब गांधी जी बार-बार कहते थे देश का बंटवारा मेरे लाश से होकर गुजरेगा। गांधी जी देखते रह गए और भारत तीन टुकड़ों, पूर्वी पाकिस्तान, पश्चिमी पाकिस्तान और भारत के रूप में विभाजन हो गया। पीएम बनने के लिए जिन्ना और नेहरू की जिद्द ने देश को तोड़ दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर ट्रेनों की हुई सघन चेकिंग

**गाजीपुर।** सिटी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एवं जीआरपीएफ ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर विभिन्न ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ ही रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म परिसर सहित अन्य स्थानों पर चेकिंग की गई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार राय के नेतृत्व में संयुक्त रूप से पूरे स्टेशन परिसर और आन-जाने वाली ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बढ़ती जा रही है। प्रत्येक संदिग्ध व्यक्तियों पर अपनी निगाह पुलिसर में जमा हुए हैं उनसे पूछताछ करने के साथ ही उनके सामानों की चेकिंग भी की जा रही है।






## वामपंथियों ने पैदल मार्च निकाल लोकतंत्र बचाने की आवाज बुलंद की

**चंदौली।** सैदूपुर कस्बा में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर वामपंथी दलों ने सोमवार को पैदल मार्च निकाला। उसरी मोड़ से निकाली मार्च सैदूपुर कस्बा, सरैया, बसाढी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय तक पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ता हाथों में लाल झंडा लिए हुए लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ, विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो के नारा के साथ अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। उसरी मोड के समीप हुई सभा को संबोधित करते हुए कार्यकताओं ने कहा कि गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत देश को मुक्ति दिलाने तथा अंग्रेजों के चंगुल से छुड़ाने के लिए भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु सहित तमाम क्रांतिकारियों ने अपनी जान का बलिदान दिया तब जाकर हमें आजादी मिली। लेकिन विदेशी कंपनियों के भारत में आकर व्यापार करने से लोकतंत्र पर एक बार फिर खतरा मंडराने लगा है कहा कि यह विदेशी कंपनियां ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है जो व्यापार करते-करते धीरे-धीरे पूरे भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर लेंगी और देश एक बार फिर से गुलाम हो जाएगा। इसके लिए हम सभी को अभी से संघर्षरत होना पड़ेगा और लोकतंत्र बचाने के लिए अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। इस दौरान लालजी मौर्य, रामनिवास पांडेय, रघुनाथ विश्वकर्मा, परमानंद सिंह, शंभू नाथ यादव, दिनेश यादव, विमल मौर्य, गुलाब, पन्ना, रामविलास विश्वकर्मा, रामचंद्र, बाबूलाल राजभर, सोहन राम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गुंजायमान हुआ शहर

# आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर जिले में दिखा देशभक्ति का जजबा

**केटी न्यूज/चंदौली**



भारतीय जनता युवा मोर्चा इकाई की ओर से जिलाध्यक्ष आशीष रघुवंशी के नेतृत्व में सोमवार को तिरंगा बाइक यात्रा मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय निकाली गई। इसका शुभारंभ सैयदराजा के विधायक सुशील सिंह व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह संयुक्त रूप से किया। यह यात्रा पूरे नगर भ्रमण करते हुए चंदौली पॉलिटेक्निक के मैदान पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान विधायक सुशील सिंह ने कहा कि आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के समापन के अवसर पर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिससे देश के तिरंगे की आन मान सम्मान करते हुए देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि युवा ही राष्ट्र की शक्ति हैं। किसी देश की प्रगति में इनका योगदान महत्वपूर्ण होता है। इसलिए युवा मोर्चा द्वारा जनपद के सभी विधानसभा में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा बाइक यात्रा अभियान चलाया गया।इस दौरान आशीष रघुवंशी युवा मोर्चा तिरंगा लगाने के लिए आम लोगों से आवाहन करते हुए शहरी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर तिरंगा लगाने हेतु जागरूकता फैलाए। साथी भारत के वीर सपूतों को याद करते हैं तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान गोपाल सिंह,अभिषेक जायसवाल,दिवेश पांडेय, विवेक सिंह, हर्षित तिवारी ,जय सिंह,चंदन जयसवाल, विवेक मौर्या, आलोक सिंह, सतीश मिश्रा, अमित सैनी,प्रतीक पांडेय, उन्नत सिंह, विवेक त्रिपाठी, डीके सिंह,विपिन सिंह, करन सिंह, विक्की त्रिपाठी, आशीष पाठक, सक्षम सिंह, दीपक उपस्थित रहे।

### जनपद में 10:15 बजे फहराया जाएगा तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को जनपद के विद्यालय के छात्रों द्वारा सुबह सात बजे प्रभात फेरी का कार्यक्रम सुनिश्चित कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विद्यालय के प्राचार्य सुनिश्चित करेंगे। प्रातः 7:30 बजे क्रास कंट्री दौड़ 6 किमी सकलडीहा मार्ग पर जिलाधिकारी आवास गेट से प्रारंभ होकर बर्थरा नहर से पुनः वापस जिलाधिकारी आवास गेट तक पहुंचेगी। कार्यक्रम हेतु जिला कीड़ा अधिकारी, यातायात पुलिस व्यवस्था, प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, युवा कल्याण अधिकारी सहयोग हेतु एवं जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली को निर्देशित किया गया है।

इसके बाद 8:30 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान कलेक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा। इसके अलावा सभी तहसीलों में भी कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। 9:00 बजे नगर पंचायत चंदौली परिसर स्थित शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण एवं जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को माल्यार्पण किया जाएगा। इसी प्रकार नगर पंचायत सैयदराजा स्थित शहीद स्मारक पर सम्मान एवं माल्यार्पण कार्यक्रम हेतु अधिशासी अधिकारी सैयदराजा को निर्देशित किया गया। रेलवे स्टेशन सकलडीहा बरठी के शहीद स्मारक पर माल्यार्पण एवं सम्मान कार्यक्रम हेतु उपजिलाधिकारी सकलडीहा को निर्देशित किया गया है। 9:15 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में होगा।

## अमर शहीदों को किया गया याद

**गाजीपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को सोनवल स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद के आदेश पर हर घर तिरंगा व ३मेरा माही मेरा देश३ कार्यक्रम के तहत अमर शहीदों की याद में छात्र -छात्रा विभिन्न महापुरूषों के आकर्षक वेश में नजर आए, जो देखते ही बन रहा था। इस दौरान छात्रों ने देश भक्ति पर आधारित सांकेतिक नाट्य कला प्रस्तुत कर मौजूद लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। छात्र भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता, बालगंगाधर तिलक, सुबाष चंद्र बोस आदि विभिन्न महापुरूषों के आकर्षक वेश में सजे थे, जो कार्यक्रम में चार चांद लगा रहे थे। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीदों के जीवन पर आधारित भाषण, कविता, गायन एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथ में गाँव की मिट्टी लेकर शपथ भी ली गई।




## तिरंगा यात्रा निकाल छात्रों ने दिया देशभक्ति का संदेश



**गाजीपुर।** बहादुरगंज देवली सलामतपुर आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देवली स्थित गोपीनाथ पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोगों को जागरूक किया गया। महाविद्यालय परिसर से कालेज संरक्षक राकेश तिवारी ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः कालेज परिसर में पहुंचकर समाप्त हुई। कॉलेज परिसर पहुंच कर छात्र-छात्राओं ने मेरी माटी मेरा देश की शपथ ली। मुख्य अतिथि देवली ग्राम प्रधान हीरा मणि चौहान ने कहा कि तिरंगा हमारी आन बान और शान है। हमें गर्व है कि देश भक्ति के भाव के साथ हम इस पर्व को मना रहे हैं। प्रबंधक शिवम त्रिपाठी ने कहा कि देश की स्मृति विरासत पर हमें गर्व है। इस के उत्थान के लिए हमेशा हम सब कार्य करते रहें। देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। प्राचार्या डॉ. सुधा त्रिपाठी ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत हमें अपने कर्तव्यों का एहसास होगा। हमें देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदानों का एहसास होगा। हमें स्वतंत्रता के मूल्य का एहसास होगा।












### भाजपा ने विभाजन के दर्द को याद करते हुए मनाया विभीषिका स्मृति दिवस

# धर्म के आधार पर देश का विभाजन इतिहास मे काला अध्याय: सहजानंद

**केटी न्यूज/मऊ**

भारतीय जनता पार्टी ने देश के विभाजन के दर्द को याद करते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा ने मौन जुलूस का आयोजन किया। भाजपा द्वारा आयोजित मौन जुलूस ब्रह्मस्थान स्थित मद्धेशिया धर्मशाला पहुंचकर एक संगोष्ठी में परिवर्तित हो गया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को ध्यान में रखते हुए मद्धेशिया धर्म शाला में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसका उद्घाटन प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल जी ने किया। जहां पर देश के बंटवारे के दौरान हुए सांप्रदायिक दंगों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता




क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। इसके साथ ही यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता है, जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को मैं शत-शत नमन करता हूं। 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन इतिहास में एक काला अध्याय है। इससे उत्पन्न हुई नफरत ने लाखों लोगों की जान ली और करोड़ों लोगों को विस्थापित किया। देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी और कई लोग आज भी इस विभीषिका का दंश झेल रहे हैं। आज 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर उन सभी लोगों को नमन करता हूं, जिन्होंने विभाजन के कारण अपनी और अपने परिजनों की जान गंवाई।आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर ह्यविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्य का तय होना विभाजन की त्रासदी झेलने वाले लोगों को हर भारतवासी की तरफ से आदरपूर्वक श्रद्धांजलि है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि हम आजादी का जश्न मनाते हैं, लेकिन बंटवारे का दर्द आज भी हिंदुस्तान के सीने को छलनी करता है। यह पिछली शताब्दी की सबसे बड़ी त्रासदी में एक है। देश ने एक भावुक निर्णय लिया है। अब 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाएगा।

## डीएम ने अधिकारियों से मांगा शो-कॉज

**मऊ।** विधानसभा उप निर्वाचन को लेकर विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने समस्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा उनको सौंपे गए कार्यों की अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। आदर्श आचार संहिता के पालन एवं उल्लंघन संबंधी मामलों की जानकारी लेते हुए डीएम ने संबंधित नोडल अधिकारी को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त सहायक नोडल अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा, अन्यथा की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

## जयसिंहपुर गांव की धरोहरों को सहेजने का होगा प्रयास: डॉ. संजय

**केटी न्यूज/मऊ**

बचानी कुंवर का व्यक्तित्व हमेशा प्रेरणादायक रहा है। अपने गांव और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी लोगों के स्मृतियों में संचित हैं। उनकी पुण्यतिथि पर शारदा नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा समाज हित में किए जा रहे निःशुल्क चिकित्सा शिविर सहित अन्य कार्यक्रम उस महान व्यक्तित्व के प्रति भावपूर्ण श्रद्वांजलि है। उनकी स्मृति में प्रति वर्ष यह आयोजन किया जाएगा।

उनके व्यक्तित्व को स्मरणीय बनाए रखने के साथ जयसिंहपुर ग्राम सभा की धरोहरों को सहेजने का कार्य भी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। उक्त बातें डॉ. संजय सिंह ने समाजसेवी बचान कुंवर की



पुण्यतिथि पर आयोजित निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर में कहीं। चिकित्सा शिविर का उदघाटन प्रसिद्व कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने किया। शारदा नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित शिविर में आर्थोसर्जन डा राहुल, न्यूरोसर्जन डा रुपेश के सिंह, नेत्र विशेषज्ञ डा शुभम राय आदि ने 824 मरीजों की जांच के बाद उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

## सड़क दुर्घटना में छात्रा की मौत

**मऊ।** मोहमदाबाद तहसील क्षेत्र के थाना रानीपुर अंतर्गत ग्रह मिल पर विद्यालय की छुट्टी होने पर घर जा रही छात्रा की प्राइवेट बस की चपेट में आने से छात्रा की मौत हो गई। जिससे नाराज ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। उपजिलाधिकारी के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शंकर मौर्य बलराम मौर्य विद्यालय करहा में कक्षा 5 की छात्रा वीरा उम्र लगभग 10 वर्ष निवासी चक भतड़ी थाना रानीपुर विद्यालय से छुट्टी होने पर अपने घर जा रही थी। इस बीच करहां मिल पर मोहम्मदाबाद से चिरैयाकोट जा रही प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को देख आसपास के लोग दौड़े तब तक बस चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। उसका पीछा कर नगपुर चट्टी पर पकड़ लिया और छात्र के शव को वहां पर रखकर लोगों ने रास्ता पर जाम लगा दिया।







